महत्वपूर्ण/प्राथमिकता

संख्या-82/889(1)/84-डे0ई0-13-नि0-53/06टी0सी0

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 02 दिसम्बर, 2013

विषय:- श्री लक्ष्मीकान्त द्विवेदी, प्रबन्धक उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के विरूद्ध पारित दण्डादेश दिनांक 02-04-08 पर की गयी अपील दिनांक 22-4-08 के निस्तारण के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-28/889/84-डे0ई0-13-नि0-53/06, टी0सी0, दिनांक 15-10-2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के पूर्व पत्र दिनांक 26-09-2013 में आपसे की गयी अपेक्षानुसार वांछित सूचना/अभिलेख शासन को अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गये हैं । उक्त अभिलेखों के अभाव में सार्वजनिक उद्यम विभाग के परामर्शानुसार शासकीय स्वीकृति निर्गत किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। अतः कृपया वांछित सूचना/अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियाँ शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके ।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasandesh.up.nic.in/